प्रेस विज्ञप्ति

भाविप्रा के हुब्बल्ली हवाई अड्डे को एसीआई के ग्रीन एयरपोर्ट्स रिकग्निशन 2025 में प्लेटिनम सम्मान प्राप्त

नई दिल्ली, 24 अप्रैल 2025: भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (भाविप्रा) यह घोषणा करते हुए गर्व महसूस कर रहा है कि कर्नाटक स्थित हुब्बल्ली हवाई अड्डे को एशिया-प्रशांत एवं मध्य पूर्व के एयरपोर्ट्स काउंसिल इंटरनेशनल (एसीआई) द्वारा आयोजित *ग्रीन एयरपोर्ट्स रिकग्निशन 2025* में प्लेटिनम सम्मान प्रदान किया गया । यह एक सर्वोच्च स्तर का सम्मान है।

हुब्बल्ली हवाई अड्डे को यह सम्मान "हवाई अड्डों पर सतत ऊर्जा" श्रेणी के अंतर्गत, उन हवाई अड्डों में से चयनित किया गया है जो प्रति वर्ष 6 मिलियन से कम यात्रियों को सेवा प्रदान करते हैं।

यह प्रतिष्ठित सम्मान 16 अप्रैल 2025 को नई दिल्ली में आयोजित एयरपोर्ट कांउसिल इंटरनेशनल एशिया-प्रशांत एवं मध्य पूर्व क्षेत्रीय महासभा, सम्मेलन और प्रदर्शनी के दौरान घोषित किया गया। इस अवसर पर श्री राजेश नीलकंठ शिंदे, कार्यपालक निदेशक (तकनीकी), भाविप्रा ने भाविप्रा के अध्यक्ष की ओर से यह पुरस्कार प्राप्त किया।

हुब्बल्ली हवाई अड्डे पर दिसंबर 2022 में आरंभ की गई 8 मेगावाट सौर ऊर्जा परियोजना की अभिनव पहल हेतु यह सम्मान प्रदान किया गया है जो ऊर्जा आत्मनिर्भरता और पर्यावरणीय संधारणीयता की दिशा में एक अग्रणी कदम है। यह भारत की पहली ऐसी परियोजना है जो राज्य के कई हवाई अड्डों – जैसे कि हुब्बल्ली , बेलगावि और मैसूर – को अक्षय ऊर्जा की आपूर्ति करती है, और भविष्य में कर्नाटक के अन्य आने वाले टर्मिनलों तक इसका विस्तार करने की योजना है।

यह सौर ऊर्जा संयंत्र प्रति वर्ष 1.1 करोड़ यूनिट से अधिक स्वच्छ विद्युत उत्पादन करने में सक्षम है, जिससे इसके पूरे जीवनकाल में अनुमानित 2.15 लाख टन कार्बन उत्सर्जन में कमी होगी। यह पहल भाविप्रा की उस कार्यनीतिक दृष्टि को समर्थन देती है, जिसके अंतर्गत वह अपने हवाई अड्डों पर नवीनतम एवं हरित ऊर्जा कार्यप्रणालियों को अपनाकर पर्यावरणीय संधारणीयता और ऊर्जा दक्षता को बढ़ावा दे रहा है, तथा भारत की *नेट-ज़ीरो कार्बन उत्सर्जन* प्रतिबद्धता को सुदृढ़ कर रहा है।

एसीआई द्वारा प्रदान किया गया प्लेटिनम सम्मान भाविप्रा की पर्यावरणीय प्रतिबद्धता और सतत अवसंरचना विकास के प्रति उसकी अटूट निष्ठा का प्रमाण है।

निगमित संचार निदेशालय, भाविप्रा द्वारा जारी
विस्तृत विवरण के लिए कृपया संपर्क करें: म.प्र. (नि सं) 011-24622787
प्रेस विज्ञप्ति संख्या: 02/2025-2026

Green Airports Recognition 2025 Presentation Ceremony
Category less than 6 million passengers per annum:
Platinum: Hubballi Airport
भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA

Green Airports Recognition 2025 Presentation Ceremony
delhi 2025
ACI ASIA-PACIFIC & MIDDLE EAST REGIONAL ASSEMBLY, CONFERENCE AND EXHIBITION
CHANGI airport singapore
Kempegowda INTERNATIONAL AIRPORT BENGALURU
CHRISTCHURCH AIRPORT
Darwin International Airport
AIRPORTS COUNCIL INTERNATIONAL
GMR